# कार्यालय ज्ञाप

शासन के पत्र संख्या **पत्र संख्याः 1512 सी.डी./46–3–17–109/2017, दिनांक 07 जुलाई, 2017** के क्रम में निर्गत इस कार्यालय के पूर्व पत्र संख्या 534/सी/शोध एवं समन्वय दिनांक 13 जुलाई, 2017 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा एम–किसान एवं किसान कॉल सेन्टर के प्रशिक्षण हेतु **दो दिवसीय** कार्यशाला **दिनांक 25 एवं 26 जुलाई, 2017** हो आहूत होने के सम्बन्ध में सूचित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त कार्यशाला स्थगित कर दी गई थी। उपर्युक्त कार्यशाला के आयोजन हेतु शासन के पत्र संख्या **पत्र संख्याः 1512 सी.डी./46–3–17–109/2017, दिनांक 27 जुलाई, 2017** द्वारा पुनः तिथियाँ निर्धारित की गई हैं।

सूचित करना है कि किसानों की समस्याओं के निराकरण एवं सूचनाओं के आदान–प्रदान हेतु भारत सरकार द्वारा शुरू किये गये **एम–किसान एवं किसान कॉल सेन्टर** पोर्टल से वर्तमान में प्रदेश के लगभग 33 लाख गन्ना किसानों में से मात्र **3.70 लाख गन्ना किसान** ही जुड़े हुए हैं तथा **29.30 लाख गन्ना किसान** अभी भी इस **सुविधा से वंचित** है। वर्तमान में प्रदेश के सभी गन्ना किसानों को **एम–किसान** पोर्टल की सुविधा से जोड़ने हेतु **लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान, उ.प्र. लखनऊ के प्रेक्षागृह में दिनांक 22 व 23 अगस्त, 2017** को 02 दिवसीय कार्यशाला/प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समस्त सहकारी गन्ना समितियों/परिषदों की प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष/सदस्य, प्रगतिशील गन्ना किसान, गन्ना समितियों एवं गन्ना विकास परिषदों के सचिव, समस्त जिला गन्ना अधिकारी एवं उप गन्ना आयुक्तों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। कार्यशाला में प्रतिभागियों की अनुमानित सं. 2,500 के दृष्टिगत प्रशिक्षण के **05 सत्र** आयोजित किये जाएंगे और प्रत्येक सत्र में 500 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण देने हेतु **एम–किसान एवं किसान कॉल सेन्टर**, भारत सरकार की **प्रभारी श्रीमती शिल्पा मेहता** एवं इनके साथ **कृषि प्रसार कार्यक्रम के तकनीकी प्रभारी** द्वारा प्रतिभागियों को **एम–किसान एवं किसान कॉल सेन्टर** के सम्बन्ध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रत्येक सत्र के दौरान भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, उ.प्र. गन्ना शोध परिषद, शाहजहाँपुर एवं इफको/कृभको के द्वारा गन्ना किसानों के लिए उपयोगी वीडियो क्लिपिंग भी दिखाई जाएगी।

प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र की समाप्ति उपरान्त प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान का भ्रमण भी कराया जाएगा जहाँ वे संस्थान द्वारा विकसित गन्ना प्रजातियों, कृषि यंत्रों व अन्य बिन्दुओं पर विषय विशेषज्ञों से जानकारी ले सकेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री एस.के. पटनायक, कृषि सचिव, भारत सरकार द्वारा की जाएगी तथा मा. गन्ना राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री सुरेश राणा जी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

प्रशिक्षण का कार्यक्रम निम्नानुसार प्रस्तावित हैः—

| कसं. | दिनांक | समय | सम्बन्धित कार्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | 22.08.2017 | प्रथम सत्र (प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक) | प्रातः 10:00 से 11:00 बजे तक उद्घाटन। प्रातः 11:15 से 01:15 तक प्रशिक्षण सत्र (आई.आई.एस.आर. / यू.पी.सी.एस.आर. की वीडियो क्लिपिंग, एम किसान ट्रेनिंग, इफको / कृभको की वीडियो क्लिपिंग।) |
| 2 | 22.08.2017 | द्वितीय सत्र (दोपहर 02:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक) | प्रशिक्षण सत्र (आई.आई.एस.आर. / यू.पी.सी.एस. आर. की वीडियो क्लिपिंग, एम किसान ट्रेनिंग, इफको / कृभको की वीडियो क्लिपिंग।) |
| 3 | 23.08.2017 | प्रथम सत्र (प्रातः 09:15 बजे से 11:15 बजे तक) | प्रशिक्षण सत्र (आई.आई.एस.आर. / यू.पी.सी.एस. आर. की वीडियो क्लिपिंग, एम किसान ट्रेनिंग, इफको / कृभको की वीडियो क्लिपिंग।) |
| 4 | 23.08.2017 | द्वितीय सत्र (प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक) | प्रशिक्षण सत्र (आई.आई.एस.आर. / यू.पी.सी.एस. आर. की वीडियो क्लिपिंग, एम किसान ट्रेनिंग, इफको / कृभको की वीडियो क्लिपिंग।) |
| 5 | 23.08.2017 | तृतीय सत्र (प्रातः 02:15 बजे से दोपहर 04:15 बजे तक) | प्रशिक्षण सत्र (आई.आई.एस.आर. / यू.पी.सी.एस. आर. की वीडियो क्लिपिंग, एम किसान ट्रेनिंग, इफको / कृभको की वीडियो क्लिपिंग।) |

**अध्ययन सामग्री का वितरणः—** उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहॉपुर, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ एवं गन्ना किसान संस्थान द्वारा प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अध्ययन सामग्री ऑडिटोरियम के बाहर स्टाल के माध्यम से वितरित की जाएगी। प्रतिभागी संस्थाओं के साथ समन्वय, प्रशिक्षणार्थियों का पंजीकरण एवं प्रशिक्षण हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं गन्ना किसान संस्थान, लखनऊ द्वारा की जायेगी।

**भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के भ्रमण के लिए यातायात की व्यवस्थाः—** इफको द्वारा प्रशिक्षण के दोनो दिवसों में 3—3 बसें उपलब्ध करायी जाएंगी जिसके माध्यम से प्रत्येक सत्र की समाप्ति के पश्चात् प्रतिभागियों को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ का भ्रमण कराकर रेलवे स्टेशन चारबाग छोड़ा जाएगा।

**जलपान की व्यवस्था :—** प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था कृभको द्वारा करायी जाएगी।

-sd-

(संजय आर. भूसरेड्डी)
आयुक्त,
गन्ना एवं चीनी, उ.प्र.।

कार्यालय आयुक्त,
**गन्ना एवं चीनी, उत्तर प्रदेश**
**17 न्यू बेरी रोड, डालीबाग, लखनऊ।**
**ई–मेल upcdrs@gmail.com**

**पृष्ठांकन संख्याः** 562/सी/शोध ~~समन्वय~~ तद्दिनांकित। 01.08.2017

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, मा. मंत्री चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, उ.प्र. को मा. मंत्री के अवलोकनार्थ।
2. **कृषि सचिव**, भारत सरकार को चीनी उद्योग अनुभाग–3 उ.प्र. शासन के पत्र संख्या 1512 सी.डी./46–3–17–109/2017 दिनांक 27.07.2017 के क्रम में सूचनार्थ।
3. **श्री दिनेश कुमार**, संयुक्त सचिव (सूचना प्रौद्योगिकी), कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कमरा नं.: **131**, कृषि भवन, नई दिल्ली को कार्य्रकम में **विशेष आमंत्री** के रूप में प्रतिभाग करने हेतु एवं **सम्बन्धित तकनीकी अधिकारी** को उपरोक्त **दो दिवस के लिए नामित** करने हेतु।
4. **श्री अमिताभ गौतम**, संयुक्त सचिव (विस्तार), कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कमरा नं.: **350**, कृषि भवन, नई दिल्ली को कार्य्रकम में **विशेष आमंत्री** के रूप में प्रतिभाग करने हेतु एवं **सम्बन्धित तकनीकी अधिकारी** को उपरोक्त **दो दिवस के लिए नामित** करने हेतु।
5. निदेशक, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ।
6. **प्रभारी निदेशक**, उ.प्र. गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर।
7. **निदेशक**, गन्ना किसान संस्थान, लखनऊ।
8. समस्त क्षेत्रीय उप गन्ना आयुक्तों को इस निर्देश के साथ कि अपने परिक्षेत्र के अधीन स्थित गन्ना समितियों/परिषदों के प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों, सचिव/एस.सी.डी.आई. एवं जिला गन्ना अधिकारी की संख्या से 03 दिन के भीतर

अवगत कराने का कष्ट करें जिससे परिक्षेत्र के प्रतिभागियों का दिवस/सत्र आवंटित किया जा सके।

9. समस्त जिला गन्ना अधिकारी, उ.प्र.।
10. समस्त अधिकारी मुख्यालय को सूचनार्थ।
11. क्षेत्रीय प्रबन्धक, कृभको एवं इफको, लखनऊ।

01.08.17

(वी. के. शुक्ल)
अपर गन्ना आयुक्त(शोध–समन्वय)।